# UNIVERSITY NEWS 10 DECEMBER 2025

## AMAR UJALA

### लखनऊ विवि : बीएससी प्रैक्टिकल 12 को

लखनऊ। लखनऊ विवि में बीएससी तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों का प्रैक्टिकल 12 दिसंबर को होगा। विवि के प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए विद्यार्थियों को सुबह 10:30 बजे जंतु विज्ञान विभाग में पहुंचना होगा। (संवाद)

## HINDUSTAN

### एमएमटीटीसी में शिक्षा, मनोविज्ञान पर कोर्स

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के यूजीसी- मदन मोहन मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) की ओर से शिक्षा, मनोविज्ञान और शारीरिक शिक्षा विषयों पर दो साप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स का शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम से हुआ। यह पाठ्यक्रम 22 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है, जिसमें देश के कई राज्यों कश्मीर, तमिलनाडु, असम तक शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं।

### मूल्यांकन में गुणवत्ता, गोपनीयता का ख्याल रखें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा व्यवस्था निरीक्षण के तहत सोमवार को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कौटिल्य भवन स्थित नवनिर्मित मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कुलपति ने मूल्यांकन प्रक्रिया में गुणवत्ता, गोपनीयता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की अकादमिक साख को बनाए रखने के लिए मूल्यांकन प्रणाली का सुदृढ होना अत्यंत आवश्यक है।

## HINDUSTAN

### एलयू में न्यायिक प्रक्रिया पर संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ। एलयू के विधि संकाय में नवीन दंड विधियों में डिजिटल समावेशन: भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अधिष्ठाता प्रोफेसर आरके वर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन, ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन और डिजिटल केस मैनेजमेंट पर बात की।

### एलयू में बीएड परीक्षा के लिए 18 नोडल, 77 केंद्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध मे परीक्षा नियंत्रक की ओर से निर्देश जारी करते हुए केंद्रों की सूची विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलयू मे बीएड परीक्षा के लिए 18 नोडल, 77 केंद्र बनाए हैं।

## NBT

### LU: नए परीक्षा भवन में मूल्यांकन शुरू

**वीसी ने किया दौरा, इस साल सेंट्रलाइज्ड भवन में ही होगा कॉपियों का मूल्यांकन**

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परीक्षा भवन में मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। सोमवार को एलयू वीसी प्रो. मनुका खन्ना ने मूल्यांकन भवन का दौरा किया। इस दौरान मूल्यांकन में पारदर्शिता और मानकों का ध्यान रखने के निर्देश जारी किए। साथ ही कहा कि एक जगह होने से अब कॉपियों के मूल्यांकन कार्य में समय कम लगेगा, इससे इस बार एलयू की ओर से रिजल्ट भी जल्दी जारी किया जा सकेगा। विवि के प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि इस साल से एलयू की सभी कॉपियां विवि के सेंट्रलाइज्ड परीक्षा भवन में ही जांची जाएगी।

पहले चरण में यूजी की सारी कॉपियां इस बार परीक्षा भवन में जांचने की व्यवस्था की गई है। वहीं न्यू कैंपस की कॉपियों को भी इस बार से एलयू के ओल्ड कैंपस में ही जांचा जा रहा है। जिससे सारा मूल्यांकन कार्य एक जगह पर हो रहा है। इससे पारदर्शिता तो बढ़ेगी ही साथ ही कॉपियों को लाने ले जाने में लगने वाले समय की भी बचत हो सकेगी।



## DAINIK JAGRAN

### शिक्षा, मनोविज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा के रिफ्रेशर कोर्स शुरू

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के यूजीसी- मदन मोहन मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में शिक्षा, मनोविज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा विषयों पर दो साप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स का आनलाइन शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह पाठ्यक्रम आठ से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित हो रहा है, जिसमें कश्मीर से तमिलनाडु, असाम से गुजरात और बिहार तक के 90 से अधिक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलपति प्रो. सीबी शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए भाषा-नीति को संवेदनशील ढंग से लागू करना होगा। कोर्स के समन्वयक प्रो. मुनेश कुमार ने बताया कि यह रिफ्रेशर कोर्स उच्च शिक्षा के शिक्षकों को शिक्षा-विज्ञान, मनोविज्ञान और शारीरिक शिक्षा में नवीन प्रवृत्तियों व शोध उन्मुख दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है।

## PIONEER

### LU V-C reviews evaluation work

PIONEER NEWS SERVICE
Lucknow

Under the inspection of the odd-semester examination arrangements for the academic session 2025–26, the Vice-Chancellor of the University of Lucknow, Prof Manuka Khanna on Monday inspected the newly-constructed evaluation centre located at Kautilya Bhavan.

During the inspection, the vice-chancellor reviewed the progress of the evaluation work and provided necessary directions to the officials present. She emphasised ensuring quality, confidentiality and timeliness in the evaluation process. The vice-chancellor stated that strengthening the evaluation system is essential for maintaining academic credibility of the university.

All superintendents and teachers in charge of examination and evaluation were present. They briefed the vice-chancellor on the functioning of the evaluation centre, security arrangements, scanning procedures and measures adopted to ensure confidentiality of answer sheets. The vice-chancellor appreciated modern infrastructure of evaluation centre, well-organised documentation and promptness of staff. She instructed that all evaluation work should be completed within the stipulated timeframe and that every effort should be made to avoid any errors.

## AMRIT VICHAR



नवनिर्मित मूल्यांकन केंद्र का भ्रमण करती कुलपति।

### कुलपति ने किया कौटिल्य भवन का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति ने सत्र 2025-26 की विषम सेमेस्टर परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कौटिल्य भवन स्थित नवनिर्मित मूल्यांकन केंद्र का दौरा किया। यह केंद्र विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने मूल्यांकन कार्य की प्रगति का जायज़ा लिया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### दंड विधियों में डिजिटल समावेशन पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में "नवीन दंड विधियों में डिजिटल समावेशन : भारतीय न्याय संहिता" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के तहत डिजिटल प्रक्रियाओं की भूमिका पर विधि विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) मनुका खन्ना, अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) आर.के. वर्मा, प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार सिंह, प्रो. (डॉ.) आनंद कुमार विश्वकर्मा, प्रो. (डॉ.) अनुराग कुमार श्रीवास्तव सहित अंशुमन सिंह, राजकुमार पटेल, श्रेयाशी मिश्रा, दीप्ति सिंह, अंशुमाली यादव, अरज़ू नयाब, अंचल वर्मा, देवेश यादव, शिवांगी सिंह, अंकुर यादव, विशेष साहू और अनिमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## AAJ

### एलयू कुलपति ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विवि की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने सोमवार को विषम सेमेस्टर की सायंकालीन पाली में आयोजित परीक्षाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो राकेश द्विवेदी तथा परीक्षा उडाका दल के अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया तथा पर्यवेक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## I NEXT



### नई पिच के साथ खिलाड़ी करेंगे फ्रेश स्टार्ट

LUCKNOW: लखनऊ यूनिवर्सिटी की मेन एंड वीमेन क्रिकेट टीम बहुत जल्द नई पिच के साथ फ्रेश स्टार्ट करेगी. यूनिवर्सिटी के परांजपे मैदान में नई पिच बनकर लगभग तैयार हो गई है और बहुत जल्द प्लेयर्स इस पर बल्ले का जादू दिखाएंगे. यहां पर एक साथ तीन पिच बनाई जा रही हैं, जिनपर अल्टरनेट तरीके से प्लेयर्स खेल सकेंगे. इसके साथ ही क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए मैदान में एस्ट्रो टर्फ पहले से तैयार है.

### सेकेंड कैंपस की कॉपी कौटिल्य भवन में ही की जा रही हैं चेक

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



निरीक्षण करतीं एलयू वीसी मनुका खन्ना.

पहले की व्यवस्था के मुताबिक ओल्ड कैंपस और सेकेंड कैंपस की कॉपियां अलग-अलग चेक होती थी.

**एक ही जगह पर कॉपियां चेक होने से पारदर्शिता बढ़ेगी**

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (8 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी में एग्जाम चल रहे हैं और काफी चेक हो रही हैं. इस बार ओल्ड कैंपस और सेकेंड कैंपस की कॉपियां ओल्ड कैंपस स्थित कौटिल्य भवन में ही चेक की जा रही है, जिसका निर्माण एक केंद्रीयकृत व्यवस्था के तौर पर किया गया था. पहले की व्यवस्था के मुताबिक ओल्ड कैंपस और सेकेंड कैंपस की कॉपियां अलग-अलग चेक होती थी, लेकिन अब एक ही जगह पर कॉपियां चेक होने से पारदर्शिता भी बढ़ेगी.

**वीसी ने किया दौरा**

एलयू वीसी प्रो. मनुका खन्ना ने सोमवार को कौटिल्य भवन का दौरा कर चेकिंग प्रोसेस का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने टीचर्स एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मूल्यांकन कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं और किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचा जाए, जिससे कि भविष्य में छात्रों को किसी तरह की असुविधा न हो.

## TOI

**NEWS FROM LU CAMPUS**

### Tagore library OPAC to add 1L more books

Lucknow: Students at Lucknow University's Tagore library will now get nearly double the number of book options, as the Online Public Access Catalogue (OPAC) undergoes a major digital expansion. OPAC currently lists 1,25,252 books, and more than 1,00,000 additional titles, including old, rare and newly acquired volumes, are set to be added soon. This growing collection spans a wide range of categories from fiction, science and sociology to biographies, autobiographies and long preserved archival texts that were previously difficult to locate.

The OPAC system has significantly simplified the library experience. Students can search for any book simply by typing the title or author's name, instantly receiving information on availability, exact shelf location and essential bibliographic details. Highlighting the impact of this upgrade, honorary librarian of Tagore library, Keya Pandey said, "With the rapid growth in our collection, OPAC ensures that no book remains hidden or inaccessible." TNN

### Software to check plagiarism

Lucknow: Lucknow University has strengthened its academic integrity framework by integrating advanced plagiarism checking software, Turnitin tool, across undergraduate, postgraduate and PhD levels.

Under the newly implemented policy, students will no longer be able to submit assignments if the plagiarism level exceeds the permissible limit of 8-10%. This marks a significant shift from the earlier practice where students would submit their work first and plagiarism checks were conducted later.

With the updated system, Turnitin automatically blocks the submission of any assignment that crosses the allowed threshold, ensuring that only original work enters the academic process. This not only promotes ethical writing habits but also reduces the burden on faculty members who previously had to filter out high plagiarism submissions manually.

Honorary librarian, Keya Pandey said, "This move reinforces the university's commitment to quality and originality." TNN